# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली—**

प्रेस विज्ञप्ति 24.10.2025

**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे चोरी किये हुए आभूषण व चोरी की मोटर साइकिल बरामद :-**

दिनांक 5/6.10.2025 की रात्रि वादी श्री विनोद कुमार पुत्र स्व0 राजेन्द्र कुमार निवासी बुढाना रोड निकट रोडवेज बस स्टैण्ड थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के मकान में अज्ञात चोरों द्वारा कमरे से 20,000 रुपये की नगदी व दूसरे कमरे से सोने का सैट तथा उसका दूसरा मकान जो कि श्री यशस्वी पुत्र मदन मोहन निवासी बलभद्र मन्दिर के पीछे वाली गली मे स्थित है वहां के मकान के कमरे में सेफ, अलमारी से चोरों द्वारा अंगूठी, चैन व सोने के टोप्स चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे दी गई तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा टीम गठित कर अभियुक्तगण की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली शामली को निर्देशित किया गया था।

आज दिनांक 24.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन. पी. सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति चेकिंग अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 01 चोर को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे चोरी किये हुए आभूषण व चोरी की मोटर साइकिल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त –

1.फिरोज खान पुत्र जामिल मौहम्मद निवासी अशरफ कालोनी कस्बा व थाना थानाभवन जनपद शामली।

बरामदगी का विवरण –

1.चोरी की 01 अंगूठी, 02 टोप्स, 01 चैन पीली धातु।

2.चोरी का 01 गले का सैट पीली धातु।

3.चोरी की मोटर साइकिल यामाहा एफ जेड एस बिना नम्बर प्लेट (मु0अ0सं0 634/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना बडौत जनपद बागपत से सम्बन्धित)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.प्र0नि0 श्री सचिन शर्मा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
2.उ0नि0 साहब सिंह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
3.है0का0 सौरभ धामा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
4.का0 रजत कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
5.का0 अमित कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।



**<u>थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध चाकू बरामदः-</u>**

आज दिनांक 24.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0 पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-
1.जाकिर पुत्र समयदीन निवासी ग्राम भूरा थाना कैराना जनपद-शामली।

बरामदगी का विवरणः-
1.अवैध 01 चाकू।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-
1.उ0नि0 श्री राकेश कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
2.है0का0 राजीव कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।


अपर पुलिस महानिदेशक - मेरठ जोन 9454400144
पुलिस उप महानिरीक्षक - सहारनपुर रेन्ज 9454400216
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक-शामली 9454400429
अपर पुलिस अधीक्षक-शामली 9454401129
क्षेत्राधिकारी नगर - शामली 9454401614
प्रभारी निरीक्षक - कोतवाली शामली 9454404083
Shot on OnePlus

**शामली पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत एम0एस0 फार्म हाऊस, शामली में "साइबर जन-जागरूकता कार्यक्रम" का हुआ भव्य आयोजन**

माह अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (National Cyber Security Awareness Month) के रूप में मनाए जाने के क्रम में, साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जन-सामान्य को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा राज्य स्तर पर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

इसी श्रृंखला में आज दिनांक 24.10.2025 को प्रातः 09:00 बजे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत एम0एस0 फार्म, शामली-करनाल रोड़, जनपद शामली में एक भव्य साइबर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। यह कार्यक्रम श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, महोदय के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक, शामली सहित जनपद के अन्य पुलिस अधिकारी, व्यापारीगण, विभिन्न स्कूलों की छात्र-छात्राएँ, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, महिला पुलिसकर्मी उपस्थित रहे तथा समस्त थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा वीडियो क्रांफ्रिंसिग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम के दौरान साइबर विशेषज्ञ डॉ0 रक्षित टंडन द्वारा जनपद शामली के समस्त अधिकारीगण, सभी थानों पर संचालित साइबर केन्द्रों एवं साइबर थाना शामली पर नियुक्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगणों को साइबर अपराध के विभिन्न प्रकारों, उनके बचाव के उपायों एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति सावधानियों के सम्बन्ध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

🧠 साइबर विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन का सत्र — "Stay Smart, Stay Safe Online"

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध साइबर एक्सपर्ट डॉ. रक्षित टंडन द्वारा उपस्थित लगभग 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं, वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों एवं पुलिसकर्मियों को साइबर अपराध से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्होंने अपने सत्र में निम्न विषयों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला —

- Digital Arresting (फर्जी कॉल्स द्वारा वसूली)
- Online Gaming Fraud
- Social Media पर अंजान व्यक्तियों से कनेक्शन के खतरे
- Artificial Intelligence एवं ChatGPT का दुरुपयोग
- APK Files के माध्यम से Malware इंस्टॉल होने की प्रक्रिया

- Communication Saarathi App की विशेषताएं
- Phishing एवं Online Fraud से बचाव के उपाय

डॉ. टंडन ने बताया कि साइबर अपराध से बचाव के लिए सावधानी, सजगता और समय पर रिपोर्टिंग ही सबसे मजबूत हथियार है।

🌐 सुरक्षा संदेश एवं प्रतिक्रिया

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (www.cybercrime.gov.in) एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई ताकि किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज की जा सके। वरिष्ठ नागरिकों एवं व्यापारियों ने शामली पुलिस के इस जन-जागरूकता प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को साइबर सतर्कता की दिशा में सशक्त बनाते हैं।

💬 पुलिस अधीक्षक, शामली का संदेश

"डिजिटल युग में साइबर अपराध सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरा है। शामली पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह जागरूकता अभियान प्रत्येक नागरिक को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क, शिक्षित और आत्मविश्वासी बनाने का प्रयास है।" इसके साथ ही साइबर अपराधों की विवेचनों में लगे अधिकारी/कर्मचारीगणों को वैज्ञानिक विधियों का उपयोग करते हुए निष्पक्ष एवं सारगर्भित विवेचना करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह संदेश दिया गया कि वे आमजन को साइबर अपराधों से बचाव हेतु सतर्क एवं जागरूक करें तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को साइबर सुरक्षा प्रदान करे।

इस अवसर पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक शामली, सहित जनपद के अन्य पुलिस अधिकारी, व्यापारीगण, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि एवं काफी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

📷 मुख्य बिंदु

- ✅ राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत भव्य आयोजन
- ✅ मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम
- ✅ डीजीपी, उत्तर प्रदेश द्वारा वर्चुअल शुभारंभ
- ✅ वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति
- ✅ साइबर विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन द्वारा शिक्षाप्रद व्याख्यान
- ✅ 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा "ऑपरेशन सवेरा" अभियान के क्रम में 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 11 ग्राम स्मैक बरामद-**

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक पदार्थों/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान "ऑपरेशन सवेरा : नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर" चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 24.10.2025 को झिंझाना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ इस्तयाक पुत्र अशफाक निवासी ग्राम जिजौला थाना झिंझाना जनपद शामली को अवैध 11 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना झिंझाना पर मु0अ0सं0 543/2025 धारा 08/21 एनडीपीएस अधिनियम पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में FORWARD AND BACKWARD LINKS की जांच की जा रही है।

नाम व पता अभियुक्तः-

- इस्तयाक पुत्र अशफाक निवासी ग्राम जिजौला थाना झिंझाना जनपद शामली।

बरामदगी का विवरण

- अवैध 11 ग्राम स्मैक।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

- उ0नि0 श्री मनोज कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।
- है0का0 मनोज कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।
- है0का0 मुकेश कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।
- है0का0 अमित कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।


चौकी प्रभारी/हल्का प्रभारी/बीट कर्मचारीगण के नाम व मो० न० चौकी चौसाना, झिंझाना, जनपद शामली